# बायोमैट्रिक जांच से मिली परीक्षा केन्द्र पर एंट्री, लड़कों से शर्ट तो महिलाओं से जेवर उतरवाए

## राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में पुलिस ने दिखाई सख्ती, प्राइवेट बाउंसर्स भी तैनात किए

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए। शनिवार दोपहर तीन बजे से परीक्षा शुरु हुई। दो दिन चलने वाली राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में 5 लाख 24 हजार 740 उम्मीदवार रजिस्टर्ड है। पहले दिन 76800 अभ्यर्थी 280 परीक्षा केंद्रों पर शामिल हुए। इस भर्ती में कुल 10 हजार पद विज्ञापित किए गए हैं, जिनमें से 1469 पद दूरसंचार कांस्टेबल के लिए है। भर्ती में कॉन्स्टेबल सामान्य, ड्राइवर, बैंड, पुलिस दूरसंचार और तीन महिला बटालियन के पद शामिल है।

राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा केंद्रों पर प्राइवेट कंपनियों के बाउंसर्स तैनात किए गए। वहीं परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक जांच करने के बाद उन्हे परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। इसी के साथ सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए गए। परीक्षा देने आई महिला अभ्यार्थियों के जेवर उतरवाने ने बाद उन्हे परीक्षा केंद्रों के अंदर भेजा गया। इसी के साथ अभ्यर्थियों के जूते-चप्पल उतरवा कर उनकी जांच की गई। शनिवार को






**पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा देने शनिवार को जयपुर के परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ उमड़ी। पुलिस ने कुछ युवाओं से कपड़े खुलवाकर भी चैकिंग की।**

पहले दिन लिखित परीक्षा दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक आयोजित हुई। 9 जिलों में 280 सेंटरों पर परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें करीब एक लाख 5 हजार अभ्यार्थी शामिल हुए।

लिखित परीक्षा का आयोजन शनिवार को राज्य के 9 जिला मुख्यालयों पर सफलतापूर्वक किया गया। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस परीक्षा के लिए 1 लाख 5 हजार 846 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था, जिनमें से 76 हजार 800 से अधिक अभ्यर्थी 280 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा में शामिल हुए। पुलिस विभाग ने परीक्षा में पारदर्शिता और शुचिता बनाए रखने के लिए कई सख्त कदम उठाए, ताकि किसी भी तरह की धांधली को रोका जा सके। एडीजी पाण्डेय ने बताया कि सभी 280 परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी कैमरों से कवर किया गया था। पुलिस मुख्यालय में

■ **पहले दिन 76 हजार 800 अभ्यर्थी 280 परीक्षा केंद्रों पर शामिल हुए।**

एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया, जहाँ आईटी प्रशिक्षित अधिकारी और कर्मचारी लाइव फुटेज की निगरानी कर रहे थे। परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की मैनुअल और हैंड-हेल्ड मेटल डिटेक्टर से सघन तलाशी ली गई। इसके अलावा, सभी अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन भी किया गया। सभी केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों (जैसे मोबाइल, पेजर आदि) को निष्क्रिय करने के लिए जैमर लगाए गए थे। परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध था। पुलिस ने संगठित गिरोहों पर विशेष निगरानी रखी, जो स्मार्ट गैजेट्स (मोबाइल, ब्लूटूथ डिवाइस) का उपयोग करके नकल कराने की कोशिश कर सकते थे। एडीजी पाण्डेय ने बताया कि इन सभी उपायों से यह सुनिश्चित किया गया कि परीक्षा पूरी तरह से निष्पक्ष और सुरक्षित माहौल में आयोजित हो सके।

## प्रेमी ने किया विवाहिता से दुष्कर्म

**जयपुर**। आमेर थाना इलाके में प्रेमी द्वारा विवाहिता से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। दुष्कर्म करने वाला विवाहिता का प्रेमी है। पति को अफेयर का पता चलने पर पत्नी से अलग हो गया। इसके बाद विवाहिता अपने प्रेमी के साथ लिव-इन में रहने लगी। आरोपित ने शादी का झांसा देकर देहशोषण करने लगा। इस संबंध में पीड़ित विवाहिता ने आरोपित प्रेमी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि आमेर की रहने वाली 29 वर्षीय विवाहिता ने मामला दर्ज करवाया है कि कुछ समय पहले गलता गेट निवासी आरोपित से उसकी मुलाकात हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपित ने उसे प्रेम जाल में फांस लिया। आरोप है कि आरोपित प्रेमी ने मिलने बुलाया और इसके बाद जबरदस्ती की। विरोध करने पर शादी करने का झांसा दिया और इसके बाद से आरोपित शादी का झांसा देकर लगातार उसका देहशोषण करता आ रहा है। वहीं प्रेमी से अफेयर का पता चलने पर पति ने पत्नी को घर से बाहर निकाल दिया।

## राजस्थान ने यूएई की प्रवासी समुदाय से मजबूत किए रिश्ते

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार ने आगामी दुबई में होने वाले प्रवासी राजस्थानी मीट के एजेंडे को अंतिम रूप दे दिया है। इस मीट के विवरण पर एक वर्चुअल कॉन्फ्रेंस (वीसी) के दौरान चर्चा हुई, जिसमें मुख्यमंत्री के विशेष सचिव सिद्धार्थ सिहाग, राजस्थान फाउंडेशन (आरएफ) की आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा और ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन के आयुक्त सुरेश कुमार ओला शामिल हुए।

बैठक में राज्य सरकार द्वारा प्रवासी राजस्थानियों के लिए उठाए गए प्रमुख कदमों पर प्रकाश डाला गया, जैसे प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन, ताकि एनआरआर (गैर-निवासी राजस्थानियों) से जुड़ाव को मजबूत किया जा सके और निवेश, परोपकारी तथा सामाजिक सहयोग के अवसरों को प्रोत्साहित किया जा सके। राज्य सरकार की अन्य महत्वपूर्ण पहलें भी चर्चा का हिस्सा रहीं, जिनमें प्रवासी राजस्थानियों के लिए एक नया विभाग बनाने की घोषणा भी शामिल है। यूएई के लिए नियुक्त देश प्रभारी अधिकारी और मुख्यमंत्री के विशेष सचिव सिद्धार्थ सिहाग ने कहा, यूएई के प्रवासी समुदाय के साथ यह संवाद विदेश में बसे प्रवासियों के साथ निकट संबंध स्थापित करने की एक बड़ी पहल है। इसी क्रम में, प्रवासी राजस्थानी मीट का उद्देश्य इन संबंधों को राजस्थान के सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है। एनआरआर को आगे आकर दुबई प्रवासी मीट के दौरान सामाजिक, परोपकारी क्षेत्र या किसी निवेश योजना में अपनी इच्छा या प्रतिबद्धता की औपचारिक घोषणा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बीआईपी आयुक्त सुरेश ओला ने प्रतिभागियों को राजस्थान निवेश संवर्धन योजना (आरआईपीएस 2024) की जानकारी दी और सभी क्षेत्रों में निवेशकों और निवेश अनुकूल नीतियों को सुगम बनाने में बीआईपी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

## अनुप्रति योजना में आवेदन अब 30 सितंबर तक

**जयपुर**। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक बढ़ा दी है। संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनान्तर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने के लिए यह अवसर दे रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा ऑनलाईन पोर्टल पर सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में निःशुल्क कोचिंग करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन किये जाने की अंतिम तिथि विभाग द्वारा पूर्व में 14 सितंबर निर्धारित की गई थी। मोदी ने बताया कि इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी निःशुल्क कोचिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन किये जाने की पूर्व में निर्धारित अंतिम तिथि को बढाया जाकर 30 सितंबर 2025 कर दिया गया है।

## दुर्घटनाग्रस्त कांस्टेबल को विशेष असमर्थता अवकाश व वेतन क्यों नहीं दिया : हाईकोर्ट

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने ड्यूटी के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए पुलिस कांस्टेबल को विशेष असमर्थता अवकाश मंजूर नहीं करने व वेतन नहीं देने से जुडे मामले में प्रमुख गृह सचिव, डीजीपी, जयपुर पुलिस आयुक्त व रामनगरिया पुलिस एसएचओ से 20 सितंबर तक जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल की खंडपीठ ने यह निर्देश कोमा मे चल रहे पुलिस कार्मिक नरेन्द्र सिंह की पत्नी शारदा कंवर की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिया। अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि प्रार्थिया का पति ऑन ड्यूटी 22अगस्त 2021 को मोटरसाइकिल का टायर फटने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और वह कोमा में चला गया। वह 85 फीसदी तक विकलांग हो गया और दो साल अस्पताल में भर्ती रहने पर पिछले दो साल से घर पर ही है। प्रार्थिया ने पुलिस विभाग को पत्र लिखकर पति का वेतन और विशेष असमर्थता अवकाश स्वीकृत करने का आग्रह किया। जिस पर पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) सहित थानाधिकारी ने प्रार्थीया के पति को ऑन ड्यूटी मानते हुए गृह विभाग को उसका विशेष अवकाश स्वीकृति का आग्रह किया। लेकिन ना तो सितंबर 2021 से उसके वेतन का भुगतान किया और ना ही उसके पति को विशेष असमर्थता अवकाश ही मंजूर किया। जबकि इस दौरान उनके परिवार को इलाज व घरेलू खर्च के लिए भी आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए याचिका की कॉपी एएजी भुवनेश शर्मा को देने का निर्देश देते हुए राज्य सरकार से जवाब देने के लिए कहा।

## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट का शुभारंभ

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन की संभावनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से "राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट 2025" का शुभारंभ शुक्रवार को जयपुर स्थित बी.एम. बिड़ला कन्वेंशन सेंटर में हुआ। इस भव्य आयोजन का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और आयोजकों तथा प्रतिभागियों से संवाद कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल राज्य के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय रोजगार, संस्कृति और पारंपरिक व्यवसायों को भी नया अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने यह भी कहा कि राजस्थान सरकार पर्यटन को आर्थिक विकास के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह दो दिवसीय ट्रैवल मार्ट 13 और 14 सितम्बर को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर से आए खरीदार (बायर्स) और विक्रेता (सेलर्स) बी2बी मीटिंग्स के जरिए अपने उत्पादों और सेवाओं का आदान-प्रदान करेंगे। साथ ही, पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी, ट्रैवल एजेंसी, टूर ऑपरेटर, होटल, हैंडीक्राफ्ट्स और स्थानीय अनुभवों से जुड़े सैकड़ों प्रतिभागी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन के दौरान एक भव्य प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है, जो आम नागरिकों के लिए खुली है। यहां आगंतुक राजस्थान के विविध पर्यटन आयामों - जैसे विरासत पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन, साहसिक पर्यटन, धार्मिक स्थल, रेगिस्तानी सफारी और किलों के वैभव- का अनुभव कर सकते हैं।

## राजस्थान में मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हुईं

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील पहल और चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के सक्रिय मार्गदर्शन में राजस्थान में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। गांव-ढाणी तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित की गई है, जिससे राज्य की मातृ मृत्यु दर घटकर 86 प्रति एक लाख जीवित जन्म हो गई है। यह दर राष्ट्रीय औसत से कम है और हाल ही में जारी सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) सर्वे में इसकी पुष्टि हुई है। राज्य सरकार ने मातृ स्वास्थ्य को लेकर कई योजनाओं और नवाचारों को प्रभावी ढंग से लागू किया है। एएनसी पंजीकरण के साथ प्रत्येक गर्भवती महिला की कम से कम 4 बार प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित की जाती है। गर्भवती को आयरन, कैल्शियम की गोलियां दी जाती हैं और डीटी के दो टीके लगाए जाते हैं। प्रत्येक माह की 9, 18 और 27 तारीख को विशेष गर्भवती जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सभी गर्भवती महिलाओं को निशुल्क दवा, जांच, रेफरल, भर्ती के समय भोजन (कलेवा), रक्त एवं प्रसव सेवाएं दी जा रही हैं। संस्थागत प्रसव प्रोत्साहित करने हेतु "प्रसव सखी" व्यवस्था लागू की गई है।

## जे.डी.ए. के तत्कालीन कनिष्ठ सहायक को सजा

**जयपुर**। जयपुर मेट्रो-द्वितीय की एसीबी मामलों की विशेष कोर्ट-2 ने 15 साल पहले मकान का नियमन कर उसका पट्टा जारी करने की एवज में 3500 रुपए की रिश्वत लेने के अभियुक्त जेडीए के तत्कालीन कनिष्ठ सहायक सुशील कुमार को दो साल की जेल व 40 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट के जज प्रहलाद राय शर्मा ने फैसले में कहा कि परिवादी ने पट्टे के लिए रिश्वत मांगी और उसे लेते हुए ट्रेप हुआ है। जबकि लोक सेवक के तौर पर उससे निष्ठा व ईमानदारी से काम करने की अपेक्षा थी। उसने अपने कर्तव्य का निर्वाह नहीं कर उसका दुरुपयोग करते हुए भ्रष्ट आचरण किया है। ऐसे में अभियुक्त को दंड़ित करना उचित होगा। मामले के अनुसार, परिवादी प्रेमकुमार ने एसीबी में 25 मई

■ **आरोपी ने पट्टा जारी करने की एवज में घूस ली थी**

2010 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने अपनी पत्नी के नाम से भूखंड का पट्टा जारी करने के लिए जेडीए में आवेदन कर सभी कमियां पूरी कर दीं थीं। लेकिन वहां के बाबू सुशील ने इसके लिए उससे 3500 रुपए मांगे हैं। परिवादी की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एसीबी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे ट्रेप किया। अभियोजन की ओर से 19 गवाहों के बयान दर्ज कराए और संबंधित दस्तावेजों को पेश किया। कोर्ट ने गवाहों व सबूतों पर अभियुक्त को सजा सुनाई।

## वनस्थली विद्यापीठ द्वारा प्रथम अखिल महिला एलएलएम कार्यक्रम का शुभारंभ

**जयपुर** (कासं)। विधि अध्ययन विभाग बनस्थली विद्यापीठ ने फोरेंसिक साइंस कॉन्क्लेव 2025 के उद्घाटन के दौरान फोरेंसिक में भारत की पहली अखिल महिला एलएलएम की शुरुआत की घोषणा की। इस दो दिवसीय शैक्षिणक कार्यक्रम में देशभर से आए प्रख्यात फॉरेंसिक वैज्ञानिकों, विधि विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और छात्राएं एक साथ आए। इस फॉरेंसिक संगोष्ठी ने न्याय प्रणाली को सशक्त बनाने तथा विधिक प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

संगोष्ठी की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। उद्घाटन समारोह में प्रो. ईना आदित्य शास्त्री, कुलपति, वनस्थली विद्यापीठ ने उपस्थित होकर भारत भर से आए सभी 225 अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया और फोरेंसिक तथा आपराधिक कानूनों में नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए महिलाओं को तैयार करने के प्रति आशा व्यक्त की।

प्रोफेसर हर्ष पुरोहित, डीन, विधि संकाय ने संगोष्ठी के विशेषज्ञों का प्रारंभिक परिचय प्रस्तुत किया। दो दिवसीय संगोष्ठी में सम्मिलित विशेषज्ञों




में डॉ. हर्ष शर्मा (पूर्व निदेशक, एफ.एस.एल, यूपी), प्रो. आदर्श कुमार (निदेशक, एफ.एस.एल, यूपी), और प्रो. अनुपम जोहरी (एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर) शामिल थे।

संगोष्ठी के पहले दिन क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन, फॉरेंसिक मॉडल और फॉरेंसिक साक्ष्य पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। छात्राओ ने सभी आयोजनों में उत्कृष्ट ऊर्जा, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रदर्शित किया। डॉ. हर्ष शर्मा ने फॉरेंसिक विशेषज्ञता को कानूनी प्रक्रियाओं में एकीकृत करने पर व्याख्यान दिया, जबकि प्रो. आदर्श कुमार ने अपने व्याख्यान में फॉरेंसिक साक्ष्य के महत्व और न्याय प्रणालीमेंउनकेयोगदानपर वास्तविक जीवन के उदाहरणों की मदद से प्रकाश डाला। दिन का समापन परस्पर संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, इस अवसर पर कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. ऋतुजा शर्मा (सह-प्राध्यापक) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

विधि संकाय वनस्थली विद्यापीठ के छात्राओ ने कार्यक्रम के आयोजन और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा एलएलएम फोरेंसिक साइंस कार्यक्रम के शुभारंभ पर बहुत प्रसन्ता व्यक्त की।

## मोदी युग आर्थिक सुधारों का स्वर्णिम काल : तिवाड़ी

**जयपुर** (कासं)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक क्रांति का युग बन गया है। उन्होंने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार द्वारा लागू किए जा रहे जीएसटी नेक्स्ट जेन रिफॉर्म्स देश के 144 करोड़ लोगों के लिए दिवाली गिफ्ट साबित होंगे। तिवाड़ी ने बताया कि 22 सितंबर, नवरात्रि के पहले दिन से शुरू हो रहे इन सुधारों के तहत अब जीएसटी की पुरानी चार स्लैब (5, 12, 18, 28 प्रतिशत) को घटाकर दो स्लैब (5 व 12 प्रतिशत) कर दिया गया है। इससे दूध, दही, चाय, आटा, चावल, इडली-डोसा, मिठाइयां, चॉकलेट जैसी रोजमर्रा की वस्तुएं या तो टैक्स फ्री होंगी या बहुत सस्ती मिलेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आमजन, किसान, व्यापारी, महिला और युवाओं के हित में यह ऐतिहासिक कदम उठाया है। दवाइयों और मेडिकल उपकरणों पर टैक्स घटाकर 5 किया गया है, जबकि विलासिता की वस्तुओं पर टैक्स बढ़ाकर 40 प्रतिशत तक कर दिया है।

## कॉलेज छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**जयपुर**। कानोता थाना इलाके में एक कॉलेज छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि नाबालिग छात्रा पिछले काफी समय से एक लड़के द्वारा दोस्ती करने का दबाव डालने के चलते परेशान थी। इस संबंध में मृतक छात्रा के पिता की ओर से थाने में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि कानोता की रहने वाली नाबालिग लड़की (16) ने आत्महत्या की है, जो कानोता स्थित एक कॉलेज में फर्स्ट ईयर की छात्रा थी। पिछले काफी समय से गांव का एक लड़का उस पर दोस्ती करने का दबाव बना रहा था, जिससे वह काफी परेशान थी। लड़के से पीछा छुड़ाने के लिए घरवालों ने उसे गांव से कानोता में अपने रिश्तेदार के पास रहने के लिए भेज दिया था। जहां 22 अगस्त को दोपहर को नाबालिग बेटी कॉलेज से पैदल घर लौट रही थी। घर लौटने के रास्ते में आरोपित लड़का कार लेकर खड़ा हो गया। कार के पास से निकलते ही आरोपित लड़के ने नाबालिग बेटी को जबरन अपहरण करने की कोशिश की। उसी समय रिश्तेदारों को किसी काम से उस रास्ते से निकलते देखकर आरोपित कार लेकर भाग गया। रोते हुए सारी बात रिश्तेदारों को बताने पर वह उसे घर लेकर आए। घर लेकर आने पर रिश्तेदारों ने कॉल करवाकर नाबालिग बेटी से बात करवाने पर वह घबराते बोली कि दो-तीन महीने से आरोपित लड़का बहुत परेशान कर रहा है। कॉलेज आते-जाते समय रास्ते में कई बार मिल गया। कार लगाकर रोक लेता है। जबरन बात करने का दबाव बनाता है। बात नहीं करने पर उठा ले जाने की धमकियां देता है। रास्ते में रोक कर उसका हाथ पकड़कर जबरन कार में बैठाने लगा। धमकियां देने लगा कि अगर हव उसके साथ नहीं चलेगी तो वह उसे जबरन उठा ले जाएगा और परिवार को जान से खत्म कर देगा। परिवारवालों की ओर से समझाइश करने के बाद भी आरोपित लड़के ने नाबालिग बेटी का पीछा नहीं छोड़ा। जिस पर नाबालिग बेटी मंदिर जाने की कहकर घर से निकली थी। दोपहर होने के बाद भी वह घर नहीं लौटी। नाबालिग बेटी को ढूंढने की कोशिश के बाद भी वह कहीं नहीं मिली। शाम को सूचना मिली कि नाबालिग बेटी लाश रेलवे ट्रैक पर मिली है। सांभरिया स्थित रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे छलांग लगाकर उसने आत्महत्या कर ली।

## सार-समाचार

### स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद प्रदर्शित



**जयपुर** (कासं)। एम. बिड़ला सभागार, जयपुर में शनिवार से राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राजीविका के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए पर्यटन विभाग द्वारा लखपति दीदी पहल के तहत 6 विशेष स्टॉल उपलब्ध करवाए गए, जिनमें 13 व 14 सितम्बर को राजीविका स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री की गई। प्रदर्शनी में दौसा, बाड़मेर एवं जयपुर जिले की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पाद जैसे चमड़े की जूतियाँ, ब्लॉक प्रिंट, लकड़ी के शिल्प, पेपर उत्पाद, कुशन कवर, एप्लिक आइटम तथा हैंड पर्स को प्रतिनिधियों एवं आगंतुकों से सराहनीय प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। इस आयोजन ने न केवल महिला उद्यिमयों को प्रोत्साहन दिया बल्कि राजस्थान की समृद्ध पारंपरिक कला एवं शिल्प को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का अवसर भी प्रदान किया।

### विद्यार्थियों के लिए स्कूल में पंखे भेंट



**जयपुर**। श्राद्ध पक्ष पर दान-पुण्य का सिललिसा गौशालाओं, अनाथ आश्रमों और वृद्धाश्रमों से होता हुआ सरकारी विद्यालयों तक पहुंच गया है। विद्याधरनगर के किशनबाग स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय एक बड़े हॉल में पंखे नहीं होने से बच्चों को बड़ी परेशानी हो रही है। यहां चार सीलिंग फैन की आवश्यक्ता महसूस हो रही थी। अध्यापिका ज्योति शर्मा के प्रयासों से शनिवार को चार पंखे विद्यालय प्रबंधन को भेंट किए गए। प्रसिद्ध वास्तुशास्त्री और गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा की ओर से बच्चों की सुविधा के लिए हॉल में चार पंखे लगाए गए। इस विद्यालय में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जगदंबा कॉलोनी के बच्चे भी पढते हैं। नगर निगम ने जगदंबा कॉलोनी वाले विद्यालय भवन को जर्जर मानते हुए खाली करने के निर्देश जारी कर रखे थे। अध्यापिका ज्योति शर्मा ने बताया कि शनिवार को प्रसिद्ध वास्तुशास्त्री एस के मेहता, वंश मेहता ने विद्यालय प्रबंधन को दो पंखे भेंट किए तथा सभी बच्चों को चॉकलेट का वितरण किया। इस अवसर पर विद्यालय इंचार्ज इंदिरा पाराशर, निर्मला प्रजापत, सुरेंद्र गुप्ता, पूनम शर्मा, सोहिनी देवी, राजेश्वरी, सुनीता अग्रवाल उपस्थित थे। चॉकलेट पाकर सभी बच्चों के चेहरे खुशी से दमक उठे।

### सेवा पखवाड़ा कार्यशाला आयोजित




**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा की कार्यशाला में अंतिम पंक्ति में बैठे थे। अंतिम पंक्ति में बैठा हुए व्यक्ति की चर्चा अगर पूरे विश्व में होने लग जाए तो, समझ जाइए कि भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। हर कार्यकर्ता मोदी है। उनके जन्मदिन की शुरुआत सेवा पखवाड़ा सप्ताह से की जाए तो भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं को देश की सेवा करने का एक और मौका मिला है। यह विचार राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने जयपुर शहर भाजपा कार्यालय में आयोजित "जिलास्तरीय सेवा पखवाड़ा" कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जायेगा। भाजपा जयपुर शहर के अध्यक्ष अमित गोयल जी की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में निर्णय लिया गया कि, इस पखवाड़े मे स्वच्छता अभियान, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता कार्यक्रम सहित विभिन्न जनहितैषी गतिविधियों का संचालन सभी मंडलों एवं जिलों में किया जाएगा। जयपुर की सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि सेवा पखवाड़े के माध्यम से कार्यकर्ता जनता से जुड़ेंगे। इस अवसर पर हवामहल विधायक बालमुकुंदचार्य, सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा, किशनपोल प्रत्याशी चंद्र मोहन बटवाड़ा, महापौर सौम्या गुर्जर, कुसुम यादव, भाजपा प्रदेश मंत्री स्टेफी चौहान, प्रदेश मंत्री अजीत माण्डन, सह प्रभारी- जयपुर शहर नरेश बंसल मौजूद थे।

### वॉयस ऑफ डॉक्टर्स सीजन-3 दुबई में




**जयपुर** (कासं)। जयपुर डॉक्टर्स वेलफेयर सोसायटी द्वारा डॉक्टर्स का सबसे बड़ा ग्लोबल सिंगिंग कॉम्पिटिशन- वॉयस ऑफ डॉक्टर्स का तीसरा सीजन आयोजित होगा। इस सिंगिंग कॉम्पिटिशन में विश्वभर से 7 हजार से ज्यादा डॉक्टर्स ने हिस्सा लिया है। इस सीजन का ग्रैंड फिनाले 20 सितंबर को दुबई में एग्जीबिशन सेंटर, एक्सपो सिटी में आयोजित होगा, जिसमें संगीत जगत की लोकप्रिय हस्तियां विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस अवसर पर प्रमुख आकर्षण प्रसिद्ध गायक शान का कॉन्सर्ट होगा, जिसमें वे लगातार 2 घंटे प्रस्तुति देंगे। अन्य हस्तियों में ख्यातिप्राप्त भारतीय गायक पद्मश्री अनुराधा पौडवाल और पद्मश्री सुरेश वाडेकर भी शामिल होंगे। यह जानकारी वॉयस ऑफ डॉक्टर्स, आयोजक समिति के चेयरमैन, डॉ. जितेंद्र एस मक्कड ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। इस अवसर पर वॉयस ऑफ डॉक्टर्स, संयोजक एवं आयोजक समिति के सचिव, डॉ सौरभ जैन; म्यूजिक मेंटर, डॉ. गौरव जैन और वॉयस ऑफ डॉक्टर्स के संरक्षक, डॉ. एन.सी पूनिया भी उपस्थित रहे।

### कर्नल राठौड़ ने आधी रात में किया निरीक्षण

**जयपुर**। कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ शुक्रवार देर रात अचानक एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने रात 12:45 बजे झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान कर्नल राठौड़ ने कालवाड़ रोड, गोविंदपुरा-हाथोज लिंक रोड, खातीपुरा रोड, रंगोली गार्डन, महाराणा प्रताप रोड, लालरपुरा और धाबास क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने मौके पर चल रहे कार्यों की गुणवत्ता परखने के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के बाद कर्नल राठौड़ ने कहा कि झोटवाड़ा का विकास हमारी 247 प्राथमिकता है। जनता से जो वादा किया गया है, उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और काम की गुणवत्ता भी संतोषजनक है। मंत्री राठौड़ ने यह भी कहा कि विकसित झोटवाड़ा हमारा संकल्प है और इस दिशा में सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। क्षेत्र में देर रात हुए इस निरीक्षण को लेकर आमजन में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली है। लोगों का कहना है कि मंत्री के इस सक्रिय रुख से कार्यों में पारदर्शिता और तेजी दोनों आएगी।